# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5.0’

*सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0’ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना बरगढ़ द्वारा ग्राम कोलमजरा में, मिशन शक्ति टीम थाना भरतकूप द्वारा ग्राम भारतपुर में, मिशन शक्ति टीम पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में ,मिशन शक्ति टीम थाना रैपुरा द्वारा बोडीपोखरी,कस्बा रैपुरा में,थाना मऊ मिशन शक्ति टीम द्वारा आनंदी माता मंदिर में,मिशन शक्ति टीम कोतवाली कर्वी द्वारा धतुरहा चौराहा,रेलवे स्टेशन,शंकर बाजार एवं अन्य समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्र/छात्राओ, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।*

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट

वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).**आज दिनांक 19.10.2025 को दोपहर लगभग 2:00 बजे थाना राजापुर जनपद चित्रकूट में जरिये पीआरवी 5569 द्वारा सूचना मिली कि यमुना ब्रिज पर से एक अज्ञात महिला जो लगभग 45 साल की है वह ब्रिज से यमुना नदी में कूद गई है। सूचना पर थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी मय हमराह आरक्षी अजय मिश्रा,आरक्षी पवन राजपूत, आरक्षी राहुल व पीआरवी 5569 द्वारा तत्काल मौके पर जाकर स्थानीय गोताखोरों व नाव की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन करवाकर महिला को यमुना नदी से बाहर निकाला गया। महिला बेहोश थी जिसे पुलिस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र राजापुर एंबुलेंस की सहायता से भिजवाया गया। महिला के होश आने पर महिला ने अपना नाम चंदनिया पत्नी अरुण कुमार निवासी अजरौली थाना महेवा घाट जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश बताया। महिला के परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों द्वारा चित्रकूट पुलिस की तत्परता के लिए धन्यवाद कहा।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह मय हमराह हे0का0 सौरभ कुमार, का0 दीपक सिंह द्वारा अभियुक्त अरविन्द पुत्र धर्मराज निवासी ग्राम बारामाफी थाना पहाडी जनपद चित्रकूट को 25 अदद क्वाटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पहाड़ी पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(4). आज दिनांक 19.10.2025 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला के अवसर पर रामघाट,बुढ़े हनुमान मंदिर,मत्स्य गजेंद्र नाथ मंदिर, खोया पाया केंद्र, संपूर्ण रामघाट की व मेला क्षेत्र की एएसचेक टीम बांदा, डॉग स्क्वाड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग कराई गई।